यक़ज़रबी बन्दूक (स्त्री0):– एक नाली बन्दूक।
<u>ज़मीमा फ़सल दोम वरज़ीशी खेल</u>

आड़गोड़ (पु0):– गोड़ियो के खेल की इस्तलाह मुराद वो बड़ी और वजनी गोड़ी जो निशाना लगाने के लिए खेल के मैदान में खिलाड़ियों की टोलियों के बीच में रख दी जाए। गोड गेदे का इस्तलाही तल्लफुज़ है देखो गेड़ी (मारना)।
आड़ी (पु0):– खिलाड़ियों की टोली का हमजोली साथी मददगार हिमायती ओर ज़शी खेलो की मुशतरक इस्तलाह (बनाना)।

फ़न बॉक के एक दॉव का नाम।

ऑख मिचोली (स्त्री0):– टरमरी हरीफ़ से दुपकर बच निकलने की मशक का खेल जो इस तरह होता है के खिलाड़ियों की टोली कुरा अन्दाजी के जरिए अपने में से किसी एक को हरीफ़ बनाकर उसको इस्तलाहन चोर कहते है। और मुअतबर खिलाड़ी को हिमायती बनकर एक महफूजत्र जगह बिठा देते है। इस हिमायती को इस्तलाह दायी कहते है। दायी चोर की ऑख पर पट्टी बॉधकर पास बिठा लेती है। जब यब खिलाड़ी अपनी पनाहगाहो में जा छुपते है तो चोर की ऑखे खोलकर छोड़ देती है। वो जिस जगह खिलाड़ी की आहट पाता या शुब्हा करता है। छुपके छुपके दबे पैरों जाता है। खिलाड़ी भी उसकी नकल व हरक़त से होि
शयार रहते हैं और जिस तरफ उसका रुख देखते है उस तरफ से किसी दूसरी तरफ निकल जाते है और जब मौका पाते है भागकर हिमायती की पनह में आ जाते है जो खिलाड़ी गफ़लत करता या सुस्त होता है और चोर के हाथ आ जाता है तो फिर वो चोर बनाया जाता है। अगर तीन या सा मरतवॉ कोई खिलाड़ी न पकड़ा जाए तो चोर को खुद सज़ा देकर खत्म कर दिया जाता है।
इबबीका (पु0):– गिल्ली डण्डे के खेल की इस्तलाह देखो गिल्ली डण्डा।
उचक बिल्ली (पु0):– देखो चील झपट्टा।
अगली झप (पु0):– देखो अनधा भैसा ऑख मिचौली की तरह का खेल इस फ़र्क के साथ इसमें हरीफ़ की जस को इस्तलाहन अंधा भैसा कहते है। ऑखें बन्द रखी जाती है और खिलाड़ी उसको चारों तरफ से घेर लेते है वो उनकी आहट या आवाज पर झपट कर पकड़े की कोशिश करता है इस अमल में जिस किसी को पकड़े या छूले वो उसका कायम मक़ाम बनाया जाता है।

इस खेल का दूसरा तरीका किसी निशाने पर ऑखें बाधकर अटकल से जत्ररब लगाता है इसमें कामयाब खिलाड़ी इनाम पाता है। इस तरीको को बाज़ मुकत्राम पर अलग झप ओर अंधा बादशाह कहा जाता है।

बुत्ता (पु0):– गिल्ली डण्डे के खल की इस्तलाह मुराद डण्डे से गलली को मार कर दूर फेकने का का अमल (लगाना, मारना)।
बित्ती (स्त्री0):– देखो चड़ी चड़ौल।
बिलर्यड (पु0, स्त्री0):– विदेशी घेसू खेल जो हिन्दुस्तान में अंग्रेजो का फैलाया हुआ है। इस खेल का कोई हिन्दुसतानी नाम नही रखा गया हिन्दुस्तान की हर जुबान में इसका असली नाम जबान जद आम हो गया है। मेज पर गेद और छड़ियों से खेला जाता है।

इस किस्म के खेल की एक मुख़तरस सूरत फ़िगर बिलर्यड कहलाती है ये भी अपने असली नाम से मशहूर है और तालीम याफ़ता घरानो में बहुत चल गया है।
बैडमिटल (पु0, स्त्री0):– विदेशी मैदानी खेल इस खेल के लिए भी कोई हिन्दुस्तानी नाम नही है। इसका खेल टेनिस के खेल की एक मुख़तरस और सहल सूरत है देखो टेनिस।
भिड़वितारा (पु0):– देखो चादर छुपवॉ।
पाला (पु0):– खिलाड़ियों ओर बाज़ीगरों की इस्तलाह मुराद हरीफ़ के मुक़ाबले के मैदान का मख़सूस मुक़ाम (हददेफ़ासिल) यहाँ से हरीफ को भगा देते या जिसके जीत लेने को कामयाबी मान लिया जाए (जीतना, हारना)।
पिठ्ठू (पु0):– खिलाड़ियों की इस्तलाह मुराद पुश्त व पना। हिमायती मद्दगार साथी तफसील के लिए देखा पेशा जहलवानी (बनाना)।
पिंगपॉग (पु0):– बिदेशी घरेलू खेल मसलन दूसरे बिदेशी खेलों को उसका भी कोइ बिदेशी नाम नही है। टेनिस की किस्म से ओर कमरे में एक मुख़सतर सी मेंज पर बहुत छोटे बल्ले और गेंद से खेला जाता है।
पिनकोर्चा (पु0):– निशानेबाज़ी की मशक का खेल जिसका तरीका चन्द छोटी छोटी चीज़ों को ज़मीन पर ऊपर तले रखकर गेंद का निशाना बनाया जाता है और एक मुक़र्ररा फ़ासले पर गेंद मारकर निशाना सही करने की मशक की जाती है।
पिंग (पु0):– झोले के लम्बे झोटें जो झोलें में खड़े होकर बैठकियॉ लगाकर बढ़ाये जाते है इस मशक से सॉस बड़ता और टॉगे मज़बूत होती है। और दोनों की वर्ज़िया हो जाती है।

फल बिछुल (स्त्री0):– देखो झॉयी मॉयी ऐड़े बेड़े घूमने दौड़ने का खेल उसको ताल बम भी कहते है।
ताल बम (स्त्री0):– देखो झायें मायें।
टटी कुदाई (स्त्री0):– एक बुलन्दी की टटी फलॉगने का वरज़िश खेल जिसकी मशक घोड़े सवार होकर और प्यादा दोनों तरह से की जाती है पहली सूरत में घोड़े की सवारी की मशक और दूसरी में दौड़ने और फादने की महारत बढ़ती है।
टोली (स्त्री0):– खिलाड़ियों की जमात (पार्टी)।
टेनिस (पु0,स्त्री0):– बिदेशी मैदानी खेल हिनदुस्तानी ज़बान में इसका कोई नाम नही है। मुर्कररा जगह पर गेंद और बल्ले से खेला जाता है हार और जीत मालूम करने को मैदान के बीच में करीब तीन फिट उचाँइ पर लम्बा जाल तान दिया जाता है।
जीत (स्त्री0):– हरीफ़ पर कामयाबी या फ़तह।
झाड़ बन्दर (पु0):– चील झपटे के खेल का मुक़ाबी नाम देखी चील झपटा।
झड़ैल (स्त्री0):– मुसतसना हरीफ़ से हाथ या पेर के छू जाने को हार की सदन न मानना। (बोलना) (हाथ पैर को हरीफ़ से छुट जाने को मुसतसना करना) मिसाल के तोर पर हाथ पैर झड़ौल है।
साय मॉय (स्त्री0):– तामबम चकर धन्नी, चकरफेरी एक खेल का नाम जिसमें खिलाड़ी हल्का बॉध कर खड़े होते है और एक दूसरे को हाथ पकड़ कर दयरा बना लेते है फिर बाहम एक दूसरे को खीचते हुए जोर से घूमते है। इस हल्के के मरकज़ पर एक खिलाड़ी खड़ा किया जाता है। अगर वो हल्का तोड़कर निकल जाए तो तमाम खिलाड़ी चक्कर खाते हुए इसको पकड़ने को दौड़ते है और चक्करा कर गिरते जाते है।
जुज्जू (पु0):– झोंटे का इस्ममुसग़र देखो झूटा।
मूली झूल्लइयॉ (स्त्री0):– अधूरा झूला जो दो या एक लटकी हुई रस्सी का होता है। जिसको हाथो से पकड़ कर लटक जाते है। ओर झोटे लेते है ओर पेंग बढ़ाते है।

किसी लम्बी बल्ली के सिरे से बंधी लटकी हुई एक या कई रस्सियों का झूला जिसको पकड़कर लटकते ओर बल्ली के गिर्द चक्कर लगाते है।
झूला (पु0):– जमीन से अधर लटकी हुई या उसी किस्म की कोई और चीज़ झुले की वज़िर्श के लिए मजबूत रस्सा या ज़ंजीर इस्तेमाल की जाती है। (झूलना)

झोंटा (पु0):– झूले आगे पीछे हरकत जो हवा के असर से हो या झूलने वाले के अम्ल से (लेना) झूले में बैकर खड़े होकर या लटककर आगे पीछे हरकत करना (बढ़ना) झोटें की हरकत को लम्बा करना।
चादर छुपवॉ/चद्दर छुपवॉ (स्त्री0):– भिड़ो तारा (दक्खिन) एक खेल जिसमें से खिलाड़ियों में से किसी एक खिलाड़ी को चादर के अन्दर छुपा दिया जाता है बाकी सकब खिलाड़ी छुप जाते है। फिर चोर खिलाड़ी की ऑखें खोलकर चादर के अन्दर की खिलाड़ी की शिनाख़्त करायी जाती है। अगर वो सही बता दे तो फिर दुपने वाला चोर बनाया जाता है। ताआखिर।
चप्पा (पु0):– गिल्ली डण्डे के खेल की इस्तलाह मुराद डण्डा मारना।
चड़्ढ़ी चडोल)स्त्री0):– चड़्ढ़ी टप्पा एक खेल का नाम जिसमें दो दो खिलाड़ियों की जोड़ी बनाकर एक हल्के में खड़े होते है। हर जोड़ी का एक खिलाड़ी सवार और दूसरा घोड़ा बनता है इसमें जो अफसर होता है वो घोड़े से उतर कर खेल का मुर्कररा कलमा मुॅह से कहता हुआ हल्के के गिर्द दौड़ता हुआ चक्कर लगाता है। इस दौड़ में अगर उसका दम टुट जाए यानि सास ले ले तो तमाम सवार खिलाड़ी घोड़े बन जाते है इस खेल को बाज़ मुक़ाम पर सुरग लााल घोड़ी ओर बाज़ जगह चड्डी टप्पा कहते है। यानि सवार घोड़े बन जाते है ताआखिर।
चरख़ (पु0):– झूलो का चक्कर जिसको आमतौर पर चक्कर कहते है छतरी की शक्ल का बना होता है जिसके चारो तरफ मुख़्तलिफ़ किस्म की नशिशतों के झूले लटके होते है जिनपर शौकीनो को बैठाकर चक्कर देते है। देशी चरख़ को एक दो आदमी घुमा लेते है। सर्कसो के विलायती बने हुए चररकत्र जो बहुत बड़े और फैलावदार होते है। इंजन या बिजली की कुव्वत से चलाये जाते है।
चरख़ची (पु0):– चरत्रा का मालिक या घुमाने वाला शख़्स।
चरखी बिल्ला (पु0):– देखो चुम्मो रानी।
चकफेरी (स्त्री0):– देखो झायें मायें।
चक्कई (स्त्री0):– लट्टू की किस्म का खेल जिसमें डोरी बॉधकर फेकते है जो पलटकर वापस हाथ में आ जाती है (फिराना)।
चम्मोरानी (स्त्री0):– चरखी बिल्ला देसी मैदानी खेल जो एक महदूद जगह में चार या आठ खाने बना कर खेला जाता है। खिलाड़ी इसके पहले खाने में पटतर या ठिकरे का गत्ता डालता है और फिर उचककर उस ख़ने में जाकर एक एक टॉग से खड़ा होकर गित्ते को पेर मारकर खाने के बाहर लाता है। अगर गित्ता खाने

की लक़ीर पर टिक जाए तो खिलाड़ी हार मानी जाती है। इस गित्ते के दक्खिन बिल्ला और शुमाली हिनद में रानी कहते है। ओर यही इस खेल की वजअ तसमियॉ है।

चोर (पु0):– बाज़ वर्जिश खेलो के खिलाड़ियों की मुशतरक इस्तलाह मुराद खेलने वाली टोली में का वो खिलाड़ी जो हरीफ़ बनाया जाए।

चोगान (स्त्री0):– पोलो (अंग्रेजी) गेंद बल्ले का खेल जो घोड़ो पर सवार होकर खेला जाए जिसका मकसद दरअसल घोड़े की सवारी की वज़िश का मशक होता है।

चीप चन्डोल (पु0):– गिल्ली डण्डे के खेल का मुकत्रामी नाम देखो गिल्ली डण्डा।

चील झप्पट्टा (पु0):– झाड़ बन्दर दौड़ और झपट का खेल जिसमें कुरा अन्दाजी के जरिए एक खिलाड़ी को मैदान में बिठा दिया जाता है और उसके गिद्र एक मुर्क़ररा प्यासले पर दूसरे खिलाड़ी घेरा बॉध लेते है ओर उसकी निगाह बचाकर झपटकर उसको छूने आते है इनमें से जो कोई पकड़ा जाता है वो शिकस्त खिुर्दा समझा जाता ओर अलोहिदा बिठा दिया जाता है इसी तरह खेल यात्म हो जाता है।

दौड़ (स्त्री0):– तेज़ भागने का वर्ज़िश गेंद बल्ले की खेल का एक इसतलाह देखो गेंद बल्ला।

सप्तरूल (पु0):– खिलाड़ियों की टोली का सरकर्दा।

सरपट दौउ़ (स्त्री0):– सर सामने करके या ऊपर का धड़ सामने को झुका कर तेज दौड़ने की मशक।

सुरंग लाल घेड़ी (स्त्री0):– देखो चढ्ढ़ी चडोल।

सटी सज्जा (स्त्री0):– पानी के अन्दर ऑख मिचौली का खेल। ऑख मिचौली।

फुटबाल (स्त्री0):– विदेशी मेदानी खेल जो हिनदुस्तान में अंग्रेजी राज का फैलाया हुआ हैं इसका कोई हिसतानी नाम नही हैं हर हिनदुस्तानी बोली में अपने असली नाम से मशहूर है और बहुत आम है।

फिंगर बिर्ल्यड (स्त्री0):– देखो बिर्ल्याड फिकरा – 2

कबाड़ी (स्त्री0):– गिल्ली डण्डे के की इस्तलाह मुराद हारे हुए खिलाड़ी का दूर ेकी हुइ गिल्ली को उठाकर भागते हुए कुच्छी पर आना (भागना) देखो गिल्ली डण्डा फिकरा – 2

कब्बडी (स्त्री0):– देसी मैदानी खेल जिसमें खिलाड़ियों की दो टोलियाू आमने सामने खड़ी होती है और बीच में एक हद फ़ासिल बना लेते है जिसको इसतलाहन पाला कहते है। फिर किसी एक टोली का एक खिलाड़ी मुक़ाबिले के लिए दूसरी टोली वालो की तरफ जाता है और एक सॉस भरे तक उनसे मुक़ाबला करता है और इस अर्से में दोड़ फिरकर उनको मारने की और वो सब उसको पकड़ने की कोशिश करते है एक सॉस में ये उनमें से जितने को छू दे और वापस पाले (हदे फासिल) पर आ जाए तो वो सब हारे हुए समझे ओर खेल में अलहैदा कर दिए जाते और अगर वो अपने इस हरीफ़ को पकड़ ले और पाले तक न आने दे यहाँतक के उसका सॉस टूट जाए तो उसको हारा माना ओर खेल से अलहैदा कर दिया जाता है।

क्रिकेट (पु0):– विदेशी मैदानी खेल उर्दू में गेंद बल्ला कहलाता है। देखो गेंद बल्ला।

करोकी (स्त्री0):– विदेशी मैदानी खेल जो बज़ाहिर पोलो (चोगाना) के खेल से मुख़तरस ओर मामूली शक्ल में आम खिलाड़ियों या तालबे इलमों के लिए इजात किया मालूम होता है। उर्दू में इसका कोइ नाम नही है।

कोड़ी ज़तन (स्त्री0):– देसी मेदानी खेल जिसमें कौड़ी या इसी किस्म की किसी चीज को ज़मीन में गड़हा करके दबा दिया जाता हे ओर जगह जगह उस जेसे निशान बना दिये जाते है। तमाम खिलाड़ी उसकी तलाश के जिए मैदान में जाते है जो उस कौड़ी को ढुढ निकालता है वो कामयाब समझा जाता और दूसरे खिलाड़ी पर हाकिम बनाया जाता है इस खेल का एक तरीका यह है कि मैदान में मिट्टी की छोटी ठोटी ढेरियॉ लगा दी जाती है और एक खिलाड़ी उसमें से हा ण्क के करीब जाकर बैठता है ओर इसी अमल में किसी एक ढ़ेरी में कौड़ी या मुर्कररा निशानी दुपा देता है जिसको ढूढने को दूसरे खिलाड़ी भेजे जाते है।

खाई फजॉग (स्त्री0):– मैदानी खेल जो गढ़हे नाले ख़न्दक या खाई को फलॉगने की मशक के लिए खेला जाता है कामयाब खिलाड़ी ईनाम के मुशतहक होते है। घोड़े सवार हाकर भी ये मशक की जाती है।

गाफ़ (पु0/स्त्री0):– विदेशी मैदानी खेल जिसको हिनदुस्तानी खेल में गिल्ली डण्डे की जदीद इजात सूरत समझना चाहिए। क्यूँकि ये गिल्ली डण्डे के तरीके पर मामूली मबदीली के साथ खेला जाता है। डण्डे के बजाए इसमे लम्बी डण्डी

का चोंचदार बल्ला होता है। और गिल्ली के बजाए रबर की ऐ छोटी ठोस गेंद इस गेंद का उर्दू में कोई नाम नही।
गद्दा (पु0):– गेंद बल्ले या गेंद के इसतलाह मुराद गेंद का बुलंदी से ज़मीन पर गिरकर ऊपर को उचक जाने का अमल (खाना, लेना)।
गुच्छी (स्त्री0):– कोइ गोलक गिल्ली डण्डे और गोलियों के खेल की इस्तलाह मुराद पॉच छः इंच लम्बा नाली जो गिल्ली को दूर फेकने के लिए डण्डे का मुॅह टिकाने को ज़मीन खोदकर बना ली जाती है।

गोलियों के खेल की गॅच्छी गोल शक्ल की बनायी जाती है और एक मुर्कररा फासले पर खड़े होकर गोलियॉ इसमे फेकी जाती है बाज़ मुक़ाम पर गोलक और गुल गुच्छियॉ कहते है। (भरना) गुच्छी पर गिल्ली रखना या गुच्छी में गोलियॉ डालना।
गुल गुच्छियॉ (स्त्री0):– देखो गुच्छी फिकरा – 2
गिल्ली (स्त्री0):– गिल्ली डण्डे के खल की इस्तलाह मुराद डण्डे की जोड़ी या पॉच छः इंच लम्बी और नोकीले मुॅह की बनायी जाती है। जिसको खेल में डण्डा मारकर दूर फेका जाता है।
गिल्ली डण्डा (पु0):– देसी मैदानी खेल जिसमें खिलाड़ी गिल्ली को डण्डे से मारकर दूर फेकता है और खेल के कायदे के तहत ये अमल कई बार किया जाता है। दूसरे खिलाड़ी गिल्ली को उसकी जगह यानि गुच्छी पर लौटाने की कोशिश करते है। इस अमल में कामयाबी उनकी जीत समझी जाती है। बिल्ली डण्डा लगभग दो फिट लम्बा होता है और ज्यादा से ज्यादा एक इंच कतर का होता है।
गोलक (पु0):– देखो गुच्छी फिकरा – 2 बाज़ खिलाड़ी गुल गुच्छियॉ कहते है।
गेड़ी (स्त्री0):– लफ्ज़ गेड़े का इस्मे मुसग़र देखो जिल्द अव्वल – 7 एक ख़ास किस्म के दरख़्त का लम्बा और औसत दर्ज़े का मोटा तना जो छप्पर और खपरैल छुपाने के काम आता और इस्तलाहन बल्ली कहा जाता है। गेढ़ी खिलाड़ियों की इस्तलाह में कोहिनीदार मुॅह की करीब ढ़ेड़ दो फिट लम्बी औसत दर्ज़े की मोटी लकड़ी को कहते है जो इस्तलाहन गेड़ियॉ खेलना कहा जाता है इस खेल में एक गेडी को पाने पर यानि खेल के मैदान के बीच में रखते है और एक खिलाड़ी उसपर अपने हाथ की गेंड़ी तानकर जोर से मारता है। इस ज़रब से पालेपर रखी हुई गेंड़ी अगर मुर्कररा हद के बाहर जा पड़े तो इस पर कब्जा कर लिया जाता

है और दूसरी गेंड़ी निशाना लगाने के लिए रखी जाता है। नकाम खिलाड़ी अलहैदा कर दिया जाता है।
गेंद बल्ला (पु0):– क्रिकेट गेंद और बल्ले का मशहूर और मारुफ़ खेल आमतौर से अंग्रेजी इस्तलाहन मरुज है।
लाल (पु0):– 1– गिल्ली डण्डे की खेल की इसतलाह दस डण्डों की नाप के बराबर ल्ली फेकने को एक लाल कहते है।
2– दस लाल की एक कबाड़ी और बीस लाल का एक मुण्डा कहलाता है। (बनाना)
लोन पाट (पु0):– मैदानी खेल लोन पाट कहलाता और हर जगह खेला जाता है। इस तरह के ज़मीन पर एक मुर्कररा पैमाइश का तीन खानों का मैदान बनाया जाता है जिसपर दो दो खिलाड़ी बिल मुकाबिल खड़े होकर कब्बडी की तरह खेल खेलते है और एक ख़ाने से दूसरे ख़ाने मे चलते हुए पाले तक जाते है। ख़ानो के नाम अगल छाप चुआ अड़काली और इंगपाट हैं। ओर उसके बीच का ख़त जो हदे फासिल होता है। सरनाट कहलाता है।
नट (पु0):– सर्कस के खिलाड़ियों की तरह बॉस ओर रस्सी वगैरह के ऊपर मुख़तलिफ़ किसम के वर्ज़िश करतब करने वाले एक कबीले का नाम इस्तलाहन बॉस पर कलाबाज़ियॉ खाने और रस्सी पर चलने वालो को कहते है।
नट बाज़ी (स्त्री0):– मुख़तलिफ़ किस्म के वर्ज़िश करतब और उनका तमाशा दिखाने का फ़न।
नेरा बाज़ी (स्त्री0):– नेरा मारने की मशक जो ज़मीन पर गड़ी हुई मेख़ को घोड़े पर दौड़ते हुए निशाना बनाकर की जाती है।
वॉलीबाल (स्त्री0):– विदेशी खेल जो फुटबाल की तरह तंग मैदान में हाथ से खेला जाता है। इस खेल का कोई हिन्दुस्तानी नाम नही।
हॉकी (स्त्री0):– विदेशी मैदानी खेल जो कोहनीदार डण्डों से गेंद को मारकर खेला जाता है। फुटबाल की खेल की तरह इसका भी मैदान ओर हारजीत होती है। देसी खेलों में गिल्ली डण्डे और गेड़ियों का खेल इसकी एक अदना सूरत समझी जा सकती है।
हिन्डोला (पु0):– एक किस्म का झूला जिसमें झूलेनुमा खटोले मतवाज़ी लटके होते है। देसी हिन्डोले में चारों तरफ सिम्त चार खटोले होते है जिनके ढ़ॉचे के बीच में धुरा होता है जिसपर उनके पहिये की तरह घुमाया जाता है। विलायती हिन्डोला

बहुत बड़ा होता है और उसमें बहुत से खटोले होते है ओर बिजली की कुव्वत में घुमाया जाता है। हिन्डोले के हिस्से बॉक थला धुरी कत्ती ओर खटोला कहलाता है।
हिन्डोलची (पु0):– हिन्डोला घुमाने वाला शख्स।

तीसरी फ़सल बाज़गरी

1. मुर्ग़ बाज़ी मय तीतर बटेर और बुलबुल बाज़ी

अटकना (क्रिया):– अलील करना मुर्गी के पट्ठों का चलते चुभते बतौर आदत आपस में एक दूसरे के साथ एक एक दो दो चोंचे लड़ाना मुठभेड़ करना, छड़पना।
अटपलका करना (क्रिया):– देखो दो पलका करना।
असील मुर्ग (पु0):– नरचील या गिद्ध के साथ मुर्गी का जोड़ा लगाने से पैदा हुई वी नसल का मुर्ग़ पुर गोश्त वज़नी और गुठे हुए जिस्म ऊँचे हाड सुतवान परों का बहुत जो वट लड़ाकू होता हैं। इसकी ऑखे मसलदाना मखारीत तोतें की ऑखो के मुशाबा कल्ला लम्बा चौड़ा बेगोश्त लोलकियॉ कम कलगी़ छोटी और मोटी होती है। मादा अण्डे कम देती है बाज़ मुर्ग़ बाज़ असील मुर्ग़ को कुलंग कहते है। कहावत–माँ टेनी, बाप कुलंग, बच्चे रंग बिरंग।
अलील पट्ठा (पु0):– असली मुग़्र का नौ उम्र पट्ठा जो लड़ाने के काबिल न हुआ है आजाद फिरता ओर दूसरे पट्ठो से अलील करता रहे उर्दू रोज़मर्रा में लत्जत्र अलल बदेर और अलल टप बोला जाता है जिसका मफुम बेसूध बिछड़ा और बग़ैर समझा काम या बेतुका अमल होता है।
अलील करना (क्रिया):– देखो अटकना।
अनारा (पु0):– मुर्ग़ बाज़ो की इस्तलाह मुराद थक रंग सुर्ख़ पर या ऑखों का मुर्ग़।
अन्डोसी (स्त्री0):– बार आवर अण्डे देती हुई या अण्डे देने वाली मुर्गी वगैरह वो मुर्ग़ी जो अण्डे देने की दम्र पर आ गई हो।
अन्नी (स्त्री0):– मुर्ग़ बाज़ो की इस्तलाह मुराद मुर्ग़ के पेर का कॉटा जो नौजवानी पर निकलना शुरु होता है। और बढ़कर नेजे की अन्नी की शक्ल हो जाता है यही उसकी वजअ तसमियॉ है (मारना) मुर्ग़ का अन्नी से हरीफ़ पर हमला।

औलाँग/ओलंग (पु0):– बदनसला या बेमेल नस्ल का मुर्ग़ उर्दू रोज़मर्रा में एक लत्ज़ ओला बोला जाता है जिसका मफ़ूम बेमेल या बेजोड़ होता है।
उदाहरण– पहले पहल मेज कुर्सी पर बैठकर खाना बहुत ओलो मालूम होता था।
उदाहरण– ऊँची ऐड़ी का जूता पहनकर चलना उल्लू मालूम होता था।
ओंडॉ (पु0):– घोघा, पोटा मुर्ग़ वगैरह की दाना पानी भर लेने की पटोली। जो मददे के बजाए गर्दन के नीचे सीने के सामने होती है।
उदाहरण– मुर्ग़ को लड़ाने से पहले उसका ओंडॉ साु कर लिया जाता है।
एक पानी करना (क्रिया):– देखो पानी करना। पानी लत्ज़ पाली का इस्तलाही तल्लफुज़ हे जिससे मुराद मुर्ग़ को वक़्त मुर्कररा के लिए पाले में सिर्फ एक मरतवा लड़ाना या झड़पाना जिससे कतई हारजीत न हो और फिर हटा लेना। एक मरतबा के मुक़ाबले के लिए पाले में छोड़ना।
बारआवर (पु0/स्त्री0):– 1– अण्डो पर आई हुई मुर्ग़ी देखो अन्डोसी।
2– मुर्ग़ी के जिस्म में अण्डे बनने या परवरिश पाने की थैली या नाल।
बाजारी (स्त्री0):– मुर्ग़ बाज़ो के इस्तलाह मुराद भूरी रंगत की सफेद या – बारीक चित्तीदार मुर्ग़ी वग़ैरह। मुर्ग़ बाज़ो में यह क़िस्म बहुत मशहूर है। परों की रंगतो के लिहाज़ से सुर्ख़ बाजारी। स्याह बाजारी वगैरह नाम मशहूर है।
बाज खड़ा (पु0):– बाखला (बारखला) सुर्ख़ व सफेद रंग के मिले जुले परों का मुर्ग़ वग़ैरह या दो रंगो के परो का मुर्ग़।
बछाना/बाछियाना (पु0):– 1– लड़ाई में मुर्ग़ का अपने हरीफ़ के पर चोंच या अन्नी मासा जिससे ज़ख़्म पड़ जाए।
2– मुर्ग़ के जबड़ा पकने की बीमारी।
बाखला/बारखला (पु0):– देखो बाज़ खड़ा।
बाण (स्त्री0):– जाफरी कुल कुल मुर्ग़ियों के बन्द करने का जाल।
बाज़ी (स्त्री0):– खेल मुराद मुर्ग़ के लड़ाने का खेल (बुदना) मुर्ग़ लड़ाने का क़ौल व करार करना।
बाूजबार/बॉझबार (स्त्री0):– मुर्ग़ी के जिस्म में अण्डे बनने की थैली या नाल जो किसी ख़राबी की वजह से सिकुड़ कर बेकार हो गई हो और उसमें अण्डे के नथवे को परवरिश करने की काबिलियत न रही हो। (होना)

बेड़ी करना (क्रिया):– लड़ाकू मुर्ग़ को अन्नी मरने से रोकने के लिए उसके पेरो में डेला बन्द डालना जिससे वो चल फिर तो सकें लेकिन हरीफ़ पर अन्नीन मार सके। या हमला न कर सके।
जफल पायी (स्त्री0):– अन्नी से हरीफ़ पर हमला करने के लिए मुर्ग़ का उल्टे कदम पीदे हटने का अमल (करना) हरीफ़ पर कुव्वत से हमला करने को दो तीन कदम पीछे हटना मैदान करना।
बिछुआ/बिछुवे (पु0):– मुर्ग़ की एक नस्ल का नाम।
बहसना (क्रिया):– झड़पना लड़ने के वक़्त अन्नी मारने से कब्ल मुर्ग़ो का आमने सामने होकर दो दो चोचों करना। खेदालना चोंचे मिलाना जिस ताह पलवान हाथ मिलाते है।
बदगोश्त (पु0):– वो मुर्ग़ जो गोश्त फूलने से मद्दा हो जाए।
लग़बग़ाना (क्रिया):– मुर्ग़ बाज़ो इस्तलाह मुराद मुर्ग़ वग़ेरह का मस्ती लड़ाई के वक़्त गर्दन के पर फूल कर गुनगुनी आवाजा निकालना।
लबग़ी (स्त्री0):– मुर्ग़ बाज़ो की इस्तलाह मुराद मुर्ग़ के जबड़े के नीचे दाढ़ी की तरह लटकी हुई सुर्ख़ खाल।
बगबगी (स्त्री0):– बग़बग़ी का दूसरा तल्लफुज़ देखो बग़बग़ी।
बल करना (क्रिया):– हमला करने से पहले मुर्ग़ का हरीफ़ के सामने तिरछा होकर कतराते हुए आना।
बोल पड़ना (क्रिया):– लड़ते हरीफ़ के काटने की मार से मुर्ग़ा का चीख़कर मुँह फेर देना। जिस तरह पहलवान चीं बोल देता है। मुर्ग़ बाज़ मुर्ग़ के इस तरह चाख़ मारने को इस्तलाहन बोल पड़ता है।
उदाहरण– हरीफ़ की अन्नी की मार की ताब न लाकर मुर्ग़ बोल पड़ा।
बूदा मारना/बोन्द मारना (क्रिया):– लड़ाई में हरीफ़ के मुँह या कलग़ी पर मुर्ग़ का चोच मारना या चोंच मारकर गोश्त नोचना।
बहिंगम (पु0):– वो मुर्ग़ जिसका ताज मामूल से बड़ा सीधा पतला कंगूरेदार मसलटेनी मुग़्र के हो और लोलकियॉ नीचे लटकी हुई हो।
पाखट (पु0):– दो वर्ष से ज्यादा उम्र का मुर्ग़ उतरी हुई उम्र का बुढ़ा मुर्ग़।
पाला (पु0):– मुर्ग़ और बेढ़ लड़ाने की जगह तफसील के लिए देखो वर्ज़िश खेल (ज़मीमा फसल दोम) (जीतना, हारना, लड़ना,मारना)।

पाली (स्त्री0):– पाले का इस्मेमुसग़र पालतू परिंदो के लड़ने का अखाड़ा। (करना, भरना) (करना, होना, बुदना, लड़ाना)।
पानी करना (क्रिया):– मुर्ग़ बाज़ो की इसतलाह मुराद वक़्त मुर्कररह पर मुर्ग़ो को सतान और दम लेने के लिए लड़ने से अलहैदा कर लेना दौरान लड़ाई में अगर हार जीत न हो तो दस मरतबा लड़ने से अलहैदा किसे जाते है। इस तरह अलहैदा करने को इस्तलाहन एक दो तीन चार तादस पानी करना कहते है। जैसे एक पानी होना दो पानी होना वगैरह लड़ने वाले मुर्ग़ो के सताने या दम लेने की मोहलत।
पतील गर्दन (पु0):– मुर्ग़ बाज़ो की इस्तलाह मुराद ऐसा मुर्ग़ जिसकी गर्दन लम्बी और पतली हो।
पट्ठा (पु0):– छः माह से एक साल तक की उम्र का नौजवान मुर्ग़।
पर भींच (स्त्री0):– एक बिमारी का नाम जिसमें बाजू के पर बैठ जाता है।
पुर कार नलियॉ (पु0):– मुर्ग़ बाज़ो और बेटर बाज़ो की मुशतरका इसतलाहन मुराद चौड़े बाड़ मजबूत और लम्बी टॉगो का पट्ठा या नर जो लड़ाने के काबिल हो।
परकुट (पु0):– मुर्ग़ बाज़ो और बेटर बाज़ो की मुशतरक इसतलाह मुराद नरम बदन और हल्के पैरा का मुर्ग़ या बेटर आमतौर से कम उम्र को कहा जाता है। जो पुख़्ताकार न हो।
पर गॉठना (क्रिया):– मुर्ग़ के परो को जो लड़ाई में ज़र्ब खाकर ज़ख्मी हो गये हो। सहारा देने को दूसरे परो में बॉधना।
परेल (पु0):– बटेर बाज़ो की इस्तलाह मुराद घने परो और दुबले जिस्म का बटेर जो लड़ने से जी चुराये। तीतर और बटेरों की ज्यादतियों से दुबला और कमजोर हो जाता है।
पंचाल (स्त्री0):– मुर्ग़ या बटेर के माद्दे की ख़राब रतूबत या गन्दा माद्दा जो सहल से ख़ारिज हो। इस रतूबत के पैदा होने से जानवर लड़ने में मस्ती करते है।
पिंगा (पु0):– कजपा पंजे लोटा मुर्ग़ यानि जिसके पंजो की उॅगलियॉ फिरी हुई हो और चलने में अटकता हो। ऐसे मुर्ग़ की अन्नी की मार कमज़ोर होती है। फिर पंजे फिरी मुर्ग़ी पंगी कहलाती है।
पंगी (स्त्री0):– पंगा का इसमे मुअन्नस देखो पंगा।

फड़काना (क्रिया):– बाज़ी के मुर्ग़ का दिल बढ़ाने को कमज़ोर मुर्ग़ से बिठाना या दो दो चोंचे डालना। बाज़ी के लिए तैयार करना।
फड़ी देना (क्रिया):– देखो फड़काना।
फुलसिरा/फूलसिरा (पु0):– ताज के आगे और पीछे सफेद परो की चोटी रखने वाली नस्ल का मुर्ग़।
कुई करना (क्रिया):– पानी की फुहार से मुर्ग़ के परो को साफ करना या मुर्ग़ और तीतर बटेर वग़ैरह को नहलाना।
ताज (पु0):– देखो कलग़ी।
ताज ढ़ला मुर्ग़ (पु0):– कजकलग़ा मुर्ग़ वो मुर्ग़ जिसका ताज सीधा खड़ा रहने के बजाय एक तरफ को ढला हुआ यानि कज रहे। बाज़ मुर्ग़बाज़ अपने मुर्ग़ को कछ कलग़ा कहते है।
दाल मारना (क्रिया):– मुर्ग़ बाज़ो की इस्तलाह मुराद हरीफ़ के मुक़ाबले में आते वक़्त या मुस्ती के मौके पर मुर्ग़ का बाजू झड़पाना। बाजुओं को पर फुलाकर पर लटकाना।
तलिया (पु0):– देखो तमोलिया।
तहरीर (स्त्री0):– बटेर बाज़ो की इस्तलाह मुराद बटेर के सर पर क़लग़ी का छोटा बारीक नियान जैसा के मुर्ग़ी के बच्चे के सए पर रहता है।
तड़ी (स्त्री0):– भ्ररा बढ़ावा हिम्मत अफ़ज़ायी शाबाश (देना) हरीफ़ से मुकाबले के लिए उभारना, उसकाना भर्रा देना भड़काना बढ़ावे चढ़ावे देना हिम्मत बढ़ाना।
तलवासना (पु0):– तलयाना (तलियाना) कफ़पायी मुर्ग़ के तलवे यानि पंजे के नीचे की गद्दी में गट्टा पेदा हो जाना यानि ख़ाल में स़ख़्त गॉठ पैदा हो जाना। चलने में तकलीफ देने लगे।
तलयाना/तलियाना (पु0):– देखो तलवासना।
तमोलिया (पु0):– तनलिया मुर्ग़ बाज़ो की इस्तलाह में रंगत के लिहाजा से मुर्ग़ का नाम। ऐसा मुर्ग़ जिसकी गर्दन और पुश्त के पर सुनहरे और बाकी जिस्म के पर स्वाही माईल सुर्ख़ रंग के होते है।
तन पकड़ना (क्रिया):– मुर्ग़ बाज़ो की इस्तलाह मुराद दुबले मुर्ग़ का अच्छी गिज़ा खाने से मोटा होना। जिस्म पर गोश्त चढना।
तोबड़ी (स्त्री0):– रद्दा मुर्ग़ की चोंच पर चढ़ाने का डोरी या किसी ओर चीज़ का बनाया हुआ हल्क़ा (बनाना, चढ़ाना) मुर्ग़ की चोंच पर डोरी वग़ैरह का हल्का

चढ़ाकर बन्द रखना ताकि वो किसी चीज़ पर चोंच न मार सकें। और न कुछ खा सकें।
तर (स्त्री0):– मुर्ग़ बाज़ और बटेर बाज़ो की मुशतरक इस्तलाह मुराद भुरे रंग की बू दार रत्तबत जो मुर्ग़ या बटेर के खाली मद्दे से निकलने लगे।
उदाहरण– जब तक आने लगे तो फौरन चक्कभी (दाना) देना चाहिए वरना जानवर के बीमार हो जाने का अंदेशा होता है।
तेज़परा (पु0):– लड़ने में हरीफ़ के अन्नी मारने के बजाए पर माने का आदि मुर्ग़ जो उचक उचक कर बाज़ु झड़ पाए ओर मोर।
तीस ढ़ंका (पु0):– तीस मरतवॉ पाली जाता हुआ मुर्ग़ देखो ढ़ंका।
थुड़ कड़क (स्त्री0):– वो मुर्ग़ी जो ज्यादा दिन कुड़क न रहती और अण्डो पर न बैठती हो यानि बाक़ायदा अण्डे सेने के लिए काबिल न हो।
थल जोड़ा (पु0):– पुख़्ता उम्र के असील मुर्ग़ा मुर्ग़ी का जोड़ा जो खूब भरा हुआ हो जिनके अण्डो से बच्चे मज़बूत और अच्छे काड़ के निकलते हो।
थले (पु0):– असील मुर्ग़ा मुर्गी के पुख़्ता उम्र के जोड़े उम्दा ताव के जोड़े।
टापा (पु0):– खॉचा मुर्ग़ के बन्द करने का तिनको का बना हुआ दाबा देखो जिल्द सोम–4
टिण्डा (पु0):– मामूल से ज्यादा लम्बी नलियों का असली मुर्ग़।
टोटन (स्त्री0):– मुर्ग़ बाज़ो की इस्तलाह मुराद खोपरी और गर्दन की हड्डी का जोड़ या खोपड़ी की चूल जो लड़ाई में बेकल हो जाती है (टलना और जाना) खोपड़ी का जोड़ भड़क जाना यानि जोड़ में बल आ जाना (बिठाना जोड़ को सही करना)।
टेक (स्त्री0):– 1– मुर्ग़ का ऐसा ताज या कलग़ी जो घुघराई हुई हो।
2– कलग़ी के ऐतराफ सर का हिस्सा (मारना, पकड़ना और काटना) लड़ाई में मुर्ग़ का कलटी पर चोंच मारना।
टेकी (स्त्री0):– खप्पचियों का ढ़ाचा या अड़दार जिसके सहारे पाली में लड़ते हुए मर जाने वाले मुर्ग़ को थोड़ी देर के लिए खड़ा रखा जाता है। मुर्ग़ बाज़ मुर्ग़ के एहतराम के लिए अमल करते है ताकि हरीफ़ उसको जिन्दा समझ कर मरऊब रहे और उसको रगेदे नही।
टेकरईयॉ (पु0):– वो मुर्ग़ जिसकी कलग़ी घुमराई हुई हो यानि बलखाई घुड़ी नुमा हो।

टेनी (स्त्री0):– मुर्ग़ी का मामूल आम देशी नसल।
ठुकराना (क्रिया):– मुर्ग़ बाज़ो की इस्तलाह मुराद मुर्ग़ का मस्ती या हमले के मौक़े पर टॉग पर बाज़ू झड़पाना।
ठेक (स्त्री0):– लड़ाई की तकान दूर करने के लिए मुर्ग़ के जिस्म को सेक पहुंचाने का एक ख़ास किस्म का बनाया हुआ पट्टा।
जाफरी (स्त्री0):–ठाटर देखो भाड़।
जावा (पु0):– मुर्ग़ बाज़ो में मुर्ग़ो की एक नस्ल जावा मारुफ़ है। जो मशरिक़ी जज़ायर के किसी मुक़ाम या जावा से हिन्दुस्तान में आयी और इसी नाम से मशहूर हो गयी। इस नस्ल के मुर्ग़ा मुर्ग़ी खुबसूरत बड़े हाड़ और मुख़तलिफ़ रंगो के होते है। बाज़ उम्दा रंगतो की वजह से उनके हसबे ज़ेल नाम मशहूर हो गये है। फुलसरा, तलिया, तमोलिया, जलालाखॉ, चित्तला, चुनिया, चमेलियॉ, सब्ज़ा ताउसी, दुधिया, उन्नाबियॉ, खजूरिया, लखोरिया, मेहदिया, नूरी वग़ैरह।
जबड़ी बॉधना (पु0):– मुर्ग़ के टुटे हुए जबड़े की बंदिश करना या मरहम पट्टी करना।
जी छोड़ो (पु0):– कचियॉ, हिम्मत हारू वो मुर्ग़ जो हरीफ़ के मुकाबिल आने से कचियाए और मुॅह फेरे।
झालरा (पु0):– बटेर बाज़ो की इस्तलाह मुराद ऐसा बटेर जिसके जबड़ो के नीचे परो के गुच्छे हो जो लड़ने वाला और उम्दा नसल होने की अलामत समझी जाती है।
झड़प (स्त्री0):– मुर्ग़ो की उचटती हुई लड़ाई जो आरपार हारजीत या मारमर की न हो। चलते फिरते की दो दो चोंचे (होना, करना)।
छड़ पाना, छड़पना (क्रिया):– मुर्ग़ो को दो दो चोंच लड़ना। ऊपरी लड़ाई कराना।
झल (स्त्री0):– झोन्झ और झोन्झर मुर्ग़ बाज़ो की इस्तलाह मुराद मुर्ग़ का गुस्सा तेज़ मिज़ाजी (करना)।
चाबक पैरा (पु0):– हरीफ़ पर काटा मारने में फुर्तिला और जल्दबाज़ मुर्ग़ लड़ाने में चालाक और तेज़ मुर्ग़।
चित्ता/चतिया (पु0):– चितला किसी रंगत का ऐसा मुर्ग़ जिसके परो पर मुख़तलिफ़ रंग की चित्तियॉ हों। (देखो जावा)
चित्तला (पु0):– देखो चित्ता।

चढ़ी कुश्ती (स्त्री0):– पहल की लड़ाई जिसमें मुर्ग़ आगे बढ़कर हरीफ़ पर हमले में पहल करे और इसको पाछे हटाता चला जाए। (लड़ना)
चढ़ी कफ़ेल (स्त्री0):– हरीफ़ मुर्ग़ के सर पर अन्नी की मार मारना।
चक्कस (पु0):– बुलबुल बाज़ो की इस्तलाह मुराद बुलबुल के बिठाने का अड्डा जो अंग्रेजी हर्फ़ T (टी) की शक्ल का बना होता है।
चक्की (स्त्री0):– मुर्ग़ बाज़ो और बटेर बाज़ो की मुशतरक इस्तलाह मुराद मुर्ग़ या बटेर का माद्दा साफ होने के बाद देने की तक़्वी और हल्की गिज़ा देना।
चिंगपोटिया (पु0):– बटेर बाज़ो की इस्तलाह में ऐसे बटेर को कहते है जिसकी तहरीर झालर और कंठ सब स्याह रंग हो इस सफात का बटेर अच्छी नस्ल का और खूब लड़ाकू शुमार होता है।
चिनौटियॉ (पु0):– ऐसा मुर्ग़ जिसकी लोलकियॉ सफेद हों। सफेद लोलकियों का झाबी नस्ल का मुर्ग़ा।
चुनियॉ (पु0):– देखो चित्ता इसको चीनी भी कहते है।
चौपड़बाज़ी (स्त्री0):– मुर्ग़ बाज़ो की इस्तलाह जो मुर्ग़ लड़ाने की एक शर्त होती है जिसमें हार पर चार मुर्ग़ देने कुबूल किये जाए।
चौपलका करना (क्रिया):– देखो दो पल का करना।
चूज़ा (पु0):– मुर्ग़ का तीन माह से पाँच माह की उम्र तक का बच्चा।
चुगड़ी (स्त्री0):– बुलबुल बाज़ो की इस्तलाह मुराद बुलबुल पकड़ने का एक किस्म का अड्डा जिसपर चिपकने वाला माद्दा लगा दिया जाता है जिससे बुलबुल के पंजे चिपक जाते है और वो इसपर बैठा रह जाता है।
चौकियॉ (पु0):– हरीफ़ के चारो तरफ फिरते हुए लड़ने वाला मुर्ग़।
चहका मारना (क्रिया):– लड़ाई हरीफ़ मुर्ग़ के मुँह पर झपटकर काटने की तेज़ जरब लगाना।
छुट्टी उड़ाना (क्रिया):– नौजवान मुर्ग़ को किसी बड़े मुर्ग़ से थोड़ी देर को भिड़ाकर लड़ने की मशक कराना हस्बे जरुरत दो दो चोचें करा लेना।
छुट्टी मारना :– लड़ाई में मुर्ग़ का अलग होकर या हट हट कर हरीफ़ के जिस्म पर हस्बे मौका जगह जगह जरब मारना।
छड़ (स्त्री0):– पूरी उम्र के मुर्ग़ का काटॉ या ख़ार जो पुरअंगल चका और पुख़्ता हो गया हो।
ख़ार (पु0):– देखो काटॉ।

खॉकी अण्डा (पु0):– पर से जोड़ा जगे बग़ैर दिया हुआ अण्डा जो कभी कभी बग़ैर नर की बहार पर आ कर देती है। ऐसे अण्डे से बच्चा पैदा नही होता है।
ख़शख़शे (पु0):– बटेर के मुॅह की बीमारी जो छालो की तरह हाती है।
ख़रशैद लड़ना (पु0):– मुर्ग़ बाज़ो की इस्तलाह मुराद मुर्ग़ का दो टुक और बेलॉग हरीफ़ को अन्नी मारना। खुली लड़ाई लड़ना जिसमें मार साफ मालूम हो।
दाल (स्त्री0):– मुखी अन्नी (काटॉ) निकलने की अलामत जो चने की दाल की शक्ल उभरा हुआ मालूम होता है। अन्नी का उभार।
दबोचना (क्रिया):– हरीफ़ मुर्ग़ को तले धर लेना ज़ोर कर लेना। हरीफ़ के ऊपर आकर उसको पर और पंजो में गॉठ लेना।
दड़बा (पु0):– फ़ारसी लत्ज़ दरबा का उर्दू तल्लफुज़ मुर्ग़ियों को बन्द करने की महदूद और महफ़ूज़ लगह।
दड़बे करना (क्रिया):– मुर्ग़ बाज़ो की इस्तलाह मुराद पाली में लड़ाने से क़ब्ल सालिस (मुर्ग़ की जोड़ी मुर्करर करने वाला) का जोड़ी को अपनी हिफ़ाज़त और निगरानी में रखना।
दड़बे दड़बे करना (क्रिया):– मुर्ग़ को दड़बे की तरह हॉकना या दड़बे में पहुॅचना।
दलबा (पु0):– हरीफ़ के मुक़ाबिल से मुॅह मोड़कर पाली से भागा हुआ मुर्ग़। वो मुर्ग़ जो लड़ते लड़ते भाग निकले (होना)।
दलबाना (क्रिया):– मुर्ग़ का दिल बढ़ाने को भागे हुए मुर्ग़ से भिड़ाना (मुक़ाबला करना)।
दम देना (क्रिया):– मुर्ग़ को गर्माने के लिए उसके फेफड़ो में फूॅक से हवा पहुॅचाना। धड़कन रोकना।
दो बाज़ (पु0):– चपरंग का मुर्ग़ यानि जिसके दोनो बाजुओं के पर सफेद और बाकी जिस्म स्याह सुर्ख़ या ज़र्द हो। इस रंगत की मुर्ग़ी दो बाज़न कहलाती है।
दो पलका करना (क्रिया):– मुर्ग़ बाज़ो की इस्तलाह मुराद मुर्ग के फफोटे को ऊपर उठाकर रेशम के तार से टॉका देकर बॉध देना ताकि ऑख न ढेप सके। लड़ने से जख़्मी होकर जब मुर्ग़ की ऑख बन्द होने लगती है। तो उस वक्त ये अमल किया जाता है और उसको दो पलका और चो पलका करना कहते है।
दहपनियॉ (पु0):– वो मुर्ग़ जो पाले में दस मरतवॉ उठाया गया हो ऐसा होना मुर्ग़ की बहादुरी की दलील समझी जाती है। देखो पानी करना।

दो दो चोंचे होना (क्रिया):– मुर्ग़ों को मामूली और थोड़ी देर के लिए झड़प होना। (करना)
धक (स्त्री0):– हॉफ या सॉस फूलने में जो मुर्ग़ को लड़ते लड़ते शुरु हो जाये (आना) मुर्ग़ का लड़ते लड़ते हाफने लगना। (छुड़ाना) मुर्ग़ के हाफने को रोकने की कोशिश करना।
डंका (पु0):– मुर्ग़ा लड़ाने की बाज़ी बदलने का ऐलान जिसके साथ मियाद का भी इज़हार होता है। यानि ऐलान के कितने दिन बाद पाली बॉधेगी या मुर्ग़ लडाये जयिगे (डालना) मुर्ग़ को मुक़ाबिले के लिए तलब करने को पाली में रुमाल डालना या निशानी रखना (मारना) मुर्ग़ की लड़ाई की बाज़ी बुधने का ऐलान करना।
दोल करना (क्रिया):– मुर्ग़ को पॉच पाली तक लड़ाना देखो पाली करना।
डेवड़ाना (क्रिया):– बटेर बाज़ो की इस्तलाह मुराद बटेर को मुठियाना यानि मुट्ठी में पकड़कर हिलाते रहना जो मामूल से जरा तेज़ हो। ये अमल नई बटेर की वहशत खोने और उसको आराम करने के लिए किया जाता है। (देना) दम बढ़ाना हिम्मत बढ़ाना।
रिज/रुज (स्त्री0):– मुर्ग़ की जुएँ जो उनके परो में पड़ जाती है।
रद्दा (पु0):– देखो तोबड़ी (चढ़ाना)
रसभरा (पु0):– वो मुर्ग़ जिसको गठियॉ हो गयी हो और उसके बाजू के जोड़ मोटे और सख़्त पड़ गये हो।
रगेदना (क्रिया):– देखो पेशा पहलवानी लड़ाई में मुर्ग़ का हरीफ़ की कलग़ी चोंच में पकड़कर झिझोड़ना।
रूमाली डालना (क्रिया):– देखो डंका डालना।
ज़र्द लखेरियॉ (पु0):– स्याही माईल, सुर्ख़, ज़र्द झलकदार होती है। देखो जावा।
ज़री (पु0):– स्याही माईल ज़र्द रंगत का ग्लोदार मुर्ग़ जिसकी छाती के पर स्याह हों।
ज़ेर बन्दा (पु0):– वो मुर्ग़ जो लड़ने में सर की चोट बचाने को हरीफ़ के नीचे सर छुपाने की कोशिश करे या उसके कोटे के नीचे घुसे।
ज़ेर दुम्मा (पु0):– वो मुर्ग़ जिसकी दुम के पर मामूल से ज्यादा नीचे लटके रहे।
साल पलट (पु0):– वो मुर्ग़ जो एक साल का हो चुका हो और दूसरे साल में लगा हो या उम्र का साल पूरा हो जाने वाला मुर्ग़।

सब्ज़ा (पु0):– सब्ज़ी माईल ज़र्द रंग का मुर्ग़ जिसका सीना और पोटा स्याही माईल हों। देखो जादा।
सतरोजा डंका (पु0):– मुर्ग़ लड़ाने को पाली में लाने के लिए सात रोज़ की मियाद देखो डंका।
सख़्त परा (पु0):– वो मुर्ग़ जिसके पर मौटे और मामूल से ज़्यादा स़ख़्त हो।
सख़्त ख़ारा (पु0):– वो मुर्ग़ जिसके कॉटे अन्नियॉ मामूल से ज़्यादा सख़्त ओर तेज़ हों।
सुर्ख़ा (पु0):– बटेर बाज़ो की इस्तलाह मुराद ऐसा बटेर जिसके पोटे के परों में सुर्ख़ रंगत की झलक हो ऐसा बटेर लड़ाकू समझा जाता है।
सूर्ख़ बाज़री (पु0):– देखो बाजरी।
सोतना (क्रिया):– मुर्ग़ बाज़ो की इस्तलाह मुराद मुर्ग़ की टॉगो और जिस्म की मलाई करना। तकान उतारने को मुर्ग़ के जिस्म को बार बार हाथ फेरना।
सिन्ताल और सेनाताल (पु0):– मुर्ग़ो की एक नस्ल का नाम जिसको बाज़ मुर्ग़ बाज़ सोनातोल कहते है।
स्याह (पु0):– बटेर बाज़ो की इस्तलाह मुराद स्याह धारीदार बटेर जो कटीला समझा जाता है।
सीप (स्त्री0):– मुर्ग़ और आम पंरिदों के सीने की हड्डी जो सीप की शक्ल के मशाबा होता है और यही उसकी वजअ तसमियॉ है।
सीपी नोकिया (पु0):– वो मुर्ग़ जिसके सीने की हड्डी का जोड़ मामूल से बड़ा हो और बाहर को निकला हुआ दिखायी दे। या जिसके सीने की हड्डी जो इस्तलाह सीप कहलाती है। मामूल ये ज्यादा बड़ी और बाहर को निकली हुई हो।
शुरज़ा (पु0):– देखो केसरी।
साफ़ा (पु0):– जुल्लाब को मुर्ग़ बाज़ो की इस्तलाह में साफ़ा यानि पेट साफ़ करने वाली दवा कहा जाता है और लड़ाने से पहले मुर्ग़ बटेर और बुलबुल वग़ैरह को दिया जाता है।
ताऊसी (पुव):– लम्बी गर्दन उठी हुई चौड़ी दुम और सुर्ख़ व सुनहरे परों का मुर्ग़।
उन्नबिया (पु0):– स्याही माईल सुर्ख़ रंगत का मुर्ग़।
फर्श दुम्मा (पु0):– फैली और नीचे को झुकी हुई दुम का मुर्ग़।
क़ायम करना (क्रिया):– मुर्ग़ बाज़ो की इस्तलाह मुराद लड़ाई में परेशान हाल हुए मुर्ग़ को दम लेने के लिए पानी से अलहैदा करना। सूस बनाना।

कुरैन करना (क्रिया):– बटेर बाज़ो की इस्तलाह मुराद बटेर को राम करने के लिए मुठियाने या बटेर को हिलाने और उसकी वहशत होने की मुठ्ठी में पकड़कर हिलाते रहना।
कशक़ा (पु0):– मुर्ग़ बाज़ो की इस्तलाह मुराद मुर्ग़ के माथे पर कलग़ी के उभार की अलामत।
कुफ़ल (पु0):– मुर्ग़ की चोंच का निचला हिस्सा जो ऊपर के नुकीले हिस्से में बैठ जाता है।
कुफ़लबाज़ (पु0):– वो मुर्ग़ जो हरीफ़ के चोंच के नीचे कॉटे का आदि हो और लड़ाई में हमेशा उसी जगह को पकड़ता हो।
कॉटा (पु0):– 1– देखवानी देखो अन्नी (चढ़ाना) मुर्ग़ की अन्नी पर हिफ़ाज़त को लोहे का खोल चढ़ाना।
2– एक मर्ज़ का नाम जो दुम की जगह रीढ़ की हड्डी की नोक पर बशक्ल सुर्ख़ दाने का होता है और जानवर को हलाक कर देता है (निकलना)।
कारीबाज़ (पु0):– लड़ाई में हरीफ़ की ऑख पर अन्नी मारने का आदि मुर्ग़ हमेशा हरीफ़ की ऑख पर चोट मारता है।
कान्धा मोड़ा (पु0):– वो मुर्ग़ जो एक बाज़ झका कर चलता हो या चलने फिरने ओर लड़ने में एक बाजू झुकाये रखता हो।
कथेल (पु0):– कथ्थई (सुर्ख़, माईल भुरा) रंगत का मुर्ग़ किसी और रंग के हों।
खुड़ दुम्मा (पु0):– वो मुर्ग़ जिसकी दुम की परों की नोकें सीधी ऊपर को उठी हुई हो।
खेदा (पु0):– बुलबुल और बटेर बाज़ो की इस्तलाह मुराद लड़ाकू लपेटू बुलबुल या बटेर जो हरीफ़ के पीछे पड़ा रहे और उसको भागने भी न दे। (लेना) किसी के दरपी होना। पीदे पड़ना या झगड़ना।
खेरा (पु0):– बटेर बाज़ो की इस्तलाह मुराद गहरे फ़ाकतेई रंग का बटेर जो अच्छी नस्ल में शुमार होता है।
खीचबन्द (स्त्री0):– 1– किसी फ़ितरी ऐब को छुड़ाने के लिए लड़ाई के मुर्ग़ को कुछ दिनों तक बन्द रखने का अमल।
मुर्ग़ के पैरों के जोड़ो के पट्टे खीच जाने की बिमारी एक किसम की गठिया (होना) पाली में हरीफ़ के सामने मुर्ग़ का दिवान वार भागते फिरना (दैहशत पर आना)।

गलाबाज़/गुलबाज़ (पु0):– वो मुर्ग़ जो हरीफ़ के गले पर अन्नी मारने का आदि हो। हरीफ़ के गले पर अन्नी मारने वाला मुर्ग़।
गलवा (पु0):– बग़बग़ी यानि चोंच के नीचे गर्दन या गले से कानो तक बारीक परों के गच्छेदार मुर्ग़।
गौन्दा (पु0):– बुलबुल के खिलाने की नर्म ग़िज़ा जो आमतौर से भुने हुए चने की आटे की होती है और पानी या घी मिलाकर धुँध ली जाती है और यही उसकी वजअ तसमिया है।
घागस (पु0):– ऊँचे हाड़ और जसीम नस्ल का मुर्ग़ नर्म घने और खुशरंग होते है। मादा अण्डे ज्यादा देती है।
घड़ फड़काना (क्रिया):– मुर्ग़ के पट्ठे को अपनी जगह पर लड़ने का मशक करना कमजोर मुर्ग़ के साथ मुठभेड़ करना।
घोगा (पु0):– संगदना या पोटा देखो ओडा।
लाल होना (क्रिया):– देखो कोफ़ती और कोफ़ती होना। कोफ़ती मुर्ग़ के ज़ख़्म फरेरे होना।
लाम उड़ाना (क्रिया):– मुर्ग़ बाज़ो की इस्तलाह मुराद मुर्ग़ को सात पाली कराके पाली से उठा लेना।
लखोरिया (पु0):– लाखा, लखिया, लाखी रंगत का मुर्ग़ देखो जावां।
लगोट दुम्मा (पु0):– 1– बटेर बाज़ो की इस्तलाह मुराद वो बटेर जिसकी दुम बहुत छोटी और दोनो कोने के बीच में दबी हुई हो।
2– मुर्ग़ बाज़ ऐसे मुर्ग़ को कहते है जिसकी दुम के दोनो तरफ़ छोटे और घने पर हो जो बड़े परो को घेरे हुए मालूम हो।
लोट घर (पु0):– मुर्ग़ो को रेत में लेटने को बनाई हुई जगह जहाँ पो अच्छी तरह लेट कर रेत से परो को साफ़ कर सकें।
बल्की (स्त्री0):– मुर्ग़ के कान की जगह लटकी हुई नर्म खाल मान्निद इंसान के कान की लोके।
लहर जाना (क्रिया):– लड़ाई में मुर्ग़ का हरीफ़ की मार खाकर चकरा जाना। थर्रा होना।
कटैत (पु0):– झिल्ले मिजाज़ का चोच मारने और कॉटने का आदि मुर्ग़ जो लड़ाई में हरीफ़ को चोंचे मारता और कॉटता हो।
कजपा (पु0):– देखो पंगा।

कजकटिया (पु0):– वो मुर्ग़ सिकी अन्नियॉ मामूल से ज्यादा ख़मदार यानि हलाली शक्ल की हो।
कजकलग़ा (पु0):– देखो ताज ढ़ला वो मुर्ग़ जिसकी कलग़ी एक तरफ को लटकी हुई हो।
कचियाना (क्रिया):– देखो जी छोड़ना थड़ दिला होना, हिम्मत हारना, दिल बोदा होना, मुक़ाबला करने से हिचकिचाना, पीछे हटना।
कुरेज़ (स्त्री0):– बुलबुल और बटेर बाज़ो की इस्तलाह मुराद बुलबुल या बटैर की पर आने पर झाड़ने की हालत गोशागिरी की हालत (करना)।
कुड़क (स्त्री0):– अण्डे का झोल देकर फ़रिग होने वाली मुर्ग़ी या अण्डे सीने वाली मुर्ग़ी (होना)।
कुड़क नाथ/कुड़क नाक (पु0):– यक रंग स्याही रंगत की नसल का मुर्ग़। यूरोपीय हिन्द के इलाके की एक नस्ल जो रंगत में बिलकूल स्याह होती हो और इस वजह से कुड़क नाथ (कड़क नाग) कहलाने लगी।
कफ़ पायी (स्त्री0):– देखो तिलवन्ना।
क़लग़ी (स्त्री0):– मुर्ग़ के सर का खुदरती ताज़ जो कन्गूरे नुमा उभरी हुई सुर्ख़ रंग खल का होता है और इस्तलाहन ताज और कलग़ी कहलाता है।
कलका कान्टियॉ (पु0):– असली मुर्ग़ की एक नस्ल जिसकी इलमियॉ (कॉटे) काने होते है और मुर्ग़ियों के भी कॉटे निकलते है।
कलगर्दनी (पु0):– काली गर्दन और सर वाली नस्ल का मुर्ग़।
कूलंग (पु0):– देखो असील मुर्ग़।
कंठ (पु0):– बटेरबाज़ो की इसतलाह मुराद ऐसा बटेर जिसकी गर्दन में स्याही माईल परो का हल्का होना।
कवल दुम्मा (पु0):– कवल के फूल के मान्निद घने और घेरदार फैले हुए परों की दुम का मुर्ग़।
कनेल (स्त्री0):– कनपअी की चोट (मारना) लड़ाई में मुर्ग़ का हरीफ़ की कनपटी पर अन्नी मारना जिसको मुर्ग़ बाज़ो की इस्तलाह में चढ़ी कनेल मारना कहा जाता है।
कोफ़ती (पु0):– मुग़्र बाज़ो की इसतलाह मुराद वो मुर्ग़ जो लड़ाई में बहुत ज्यादा ज़ख़्मी हो गया हो या जिसके मुॅह पर ओर ऑखों पर कारी ज़ख़्म आये हो।

कोख (स्त्री0):– बटेर बाज़ो की इस्तलाह मुराद मुँह की भाप जो चोट खाई हुई बटेर के सर और गर्दन वग़ैरह पर दी जाए। (देना)
कोल्हू (पु0):– मुर्ग़ बाज़ो की इस्तलाह मुराद वो मुर्ग़ जिनका पिछला धड़ मामूल से ज्यादा मोटा हो गया हो और इन्नी मारते वक़्त गिर पड़े या उल्ट जाए।
केसरी (पु0):– ज़फरानी रंगत की मुर्ग़ देखो जावा।
खॉचा (पु0):– देखो टापा।
खजूरिया (पु0):– वो मूर्ग़ जिसके बाजू सफेद सर ज़र्दी माईल सुर्ख़ और बाक़ी जिसम के पर स्याह या।
मतीन (पु0):– बटेर बाज़ो की इसतलाह मुराद यक रंगा और कंठ का बटेर।
मुठभेड़ (स्त्री0):– मुर्ग़ के पट्ठे को कमजोर मुर्ग़ के साथ मुक़ाबला कराने का अमल करना कराना होना।
मुहाल/मोहाल (पु0):– तीख़ा गुससेवर और कटते मुर्ग़ (स्त्री0) मुर्ग़ बाज़ो की इस्तलाह मुराद मुर्ग़ की सुस्ती की हालत या सुस्ती (पर आना)।
मुर्ग़ बाज़ (पु0):– खेल तफ़री और लड़ने को मुर्ग़ पालने वाला।
मुर्ग़ बाज़ी (स्त्री0):– मुर्ग़ लड़ाने का खेल।
मुर्ग़ लगाना (क्रिया):–मुर्ग़ को लड़ाने के लिए जोड़ा मिलाना। मुर्ग़ को दूसरे मुर्ग़ से लड़ने के लिए छोड़ना।
मसील (पु0):– ठोस और गठे हुए बदन का मोटा और पूरी उम्र का बटेर या मुग्र जो जिसम का भारी जेकिन लड़ने में पुख़्ताकार होता है। आमतौर से बड़ी उम्र के मुर्ग़ या बटेर को कहते है जो पूरे कद और जिस्म का होता है।
मुश्त माल करना (क्रिया):– देखो सोतना।
मक्खी (स्त्री0):– मुर्ग़ की अन्नी का उभार देखो दाल।
मकवा मुखा (पु0):– मको के दाने की मान्निद सुर्ख़ ऑखों वाला मुर्ग़ और यही उसकी वजअ तसमियॉ है।
मक्खान (पु0):– नौजवान मुर्ग़ जिसके ख़ार (अन्नी) न निकले हो या काट दिये गये हो।
मोठ देना (क्रिया):– बटेर की बैहशत खोने ओर उसको राम करने के लिए मुट्ठी में पकड़ कर थोड़ी देर हिलाते रहना। (लगाना)
मेंहदिया (पु0):– गुलअनार की नौ बगत के परो का मुर्ग़।

नकपोटिया/नकपोटा (पु0):– वो मुर्ग़ जिसके चोच के ऊपर नाक के सुराख़ और मामूल से बड़े हों। इस पर हरीफ़ की चोच लगने से मुर्ग़ मुँह फेर लेता है या कचिया जाता है।
नूरी (पु0):– नकत्ररी, रुपेला, यकरंग सफेद मुर्ग़।
नोक बॉधना (क्रिया):– मुर्ग़ की ज़ख़्मी चोंच का मरहम पट्टी करना बंदिश करना।
हाथ खाना (क्रिया):– लड़ने मु मुर्ग़ का हरीफ़ के बाजू के पर की चोट ऑख पर खाना जिससे ऑख फूट जाए।
हाथ मारना (क्रिया):– लड़ाई में मुर्ग़ का अपने हरीफ़ की ऑख पर बाजू का पर मारना और ऑख फोड़ देना।
हाड़ (पु0):– बदन का ढ़ाचॉ जिस्म का उठान।
उदाहरण– असील मुर्ग़ आमतौर से ऊँचे हाड़ के होते है।
पेशा कबूतर बाज़ी
आन्टा (पु0):– फड़ी कबूतर बाज़ो की इस्तलाह मुराद कबूतर के घर ऊपर घुमेरी उड़ान जो साधने को की जाए। (देना) कबूतरो को उड़ाकर बुलाना और लौटाना। चक्कर देना।
उड़ान कबूतर/उड़न कबूतर (पु0):– 1– वो कबूतर जो बाड़ी के लिए उड़ने को सधाये जाए।
2– वो कबूतर जिसकी पखाज़ बहुत बुलन्द और देरपा हो।
असील कबूतर (पु0):– यक रंग के कबूतर जिसमें दूसरे रंग के पर न हों। ऐसे काबूतर का असल रंग नीला होता है और आमतौर से काबूली कहलाते है।
अलबग़ा (पु0):– कबूतर के दिल की बीमारी जिसके दौरे से वो मर जाता है या बेहोश होकर गिर पड़ता है और रोज़ बरोज़ सूखता जाता है।
बब्रा/बब्रे (पु0):– रट्टा नस्ल के कबूतर की एक नायाब किस्म जो आमतौर से चित्तीदार सब्ज़रंग होता है। देखो रट्टा।
बदी (स्त्री0):– कबूतर के तालू या हलक़ की एक बीमारी का नाम जिससे तालू में ज़ख़्म पड़ता और खाना पीना छूट जाता है। (होना)
बग़बग़ा/बग़बगे़ (पु0):– फूले हुए परो की गर्दन वाला कबूतर या वो कबूतर जिसकी गर्दन पर परो का गुच्छा हो।
बमना/बमने (पु0):– शिराज़ी कबूतर के मेल से पैदा हुई वुई दोगली नस्ल का कबूतर देखो शिवाज़ी फिकरा – 2

पालतू कबूतर (पु0):– वो कबूतर जो घरेलू जानवरों की तरह इन्सानों में रहने सहने लगें।
पामूज़ (पु0):– फुलपेरा वो कबूतर जिसके पंजो और पेरो पर पर हो यानि पर निकलते है।
पतवांसा (पु0):– जाल कुलक़ल) में कबूतरो का बैठने का अड्डा (बॉधना)।
पटीत (पु0):– 1– सफेद और किसी दूसरे रंग के कबूतर के मेल से पैदा हुआ कबूतर जो आमतौर से दो रंगा होते है।
2– दूरंगा बनाया हुआ कबूतर इस तरह के पट्ठे के असल परो को बार बार उखेड़ा जाता है। दो चार मर्तवा के इस अमल से सफेद पर निकल आते है (करना, बनाना)।
पर कैच (पु0):– बाजूओं के पर कतरा कबूतर। ये अमल आमतौर से नए और बग़ेर संदेह कबूतर के साथ किया जाता है।
पलकी (पु0):– देखो शिराज़ी।
पल्ला (पु0):– वो कबूतराबाज़ो की इस्तलाह मुराद कबूतर की एक लम्बी उड़ान करना।
पनझिनी/पैख़बनी (स्त्री0):– कबूतर के पैरो में डालने का साजन देखो झॉजन जिल्द – 4
पिया (स्त्री0):– कबूतर की रीढ़ की हड्डी की बीमारी जिससे वो कुबरा हो जाता है और किसी बाज़ी के काम का नही रहता।
फड़कावॉ (पु0):– मुकाबले के कबूतरो के साथ उड़ान में मुठभेड़ (देना, खाना)।
फडी/फडियॉ (स्त्री0):– झपका नए कबूतरो को बाडी के लिए उड़ना सिखाने को इब्तिदा में भड़काकर उड़ाने का अमल जो मुॅडेर और छत तक रहे। (देना, खाना)
फुलपेरा (पु0):– देखो पामेज़।
फुलसरा (पु0):– वो कबूतर जिसके सर पर परो की चोटी या कलग़ी हो।
तालमेल (स्त्री0):– बाज़ी के कबूतरो का उड़ान में सैदी कबूतरो में मिल जुल जाना (मिलना) बाज़ी के कबूतरों के उड़ाकर सैदी कबूतरों की तरह पढ़ाना और मिलाना।
तावा (पु0):– बाज़ी के कबूतरों की एक लम्बी पचााज जिसमें एक चक्कर लगाकर लौट आए। (देना, काटना, खाना) उड़ान में चक्कर काटनॉ घर के ऐतराफ़ उड़ना या उड़ान।

तुकमा (पु0):– कबूतर की एक बीमारी का नाम जिससे उसके जिस्म पर गॉठे पैदा हो जाती है ये बीमारी बाजरा खाने वाले को गेहू खिलाने से होता है।
तोग़ा (पु0):– शिराज़ी कबूतरो की एक किसम का नाम देखो शिराज़ी।
तयआशना (पु0):– घर या अपने मुकत्राम को पहचानने वाला कबूतर जो कही छोड़ा जाए तो सीधा अपने घर आता है।
तयपलट (पु0):– 1– वो कबूतर जिसको अदल बदलकर कई जगह रखा गया हो। ऐसा कबूतर भागकर दूसरी जगह नही जाता या अपना मुक़ाम भूल जाता है। 2– मादा के साथ नर की दाना बदली।
तैरना (क्रिया):– कबूतर का मस्ती में कबूतरी के आगे पीदे घुमना।
तेज़ पर (पु0):– बहुत ऊॅचा और तेज़ उड़ने वाला कबूतर।
टैनी (पु0):– गोला बाज़ी के कबूतर जो हमरंग उड़ने में अच्छे और ताबा हुक्म रहते है। इस्तलाहन टहनी और गोले कहलाते है।
जाल (पु0):– देखो जाफरी कुलकल (खड़ा करना)।
जंगली कबूतर (पु0):– वीराना पसन्द कबूतर जो कभी घरेलू नही बनता, अगर पकड़ कर रखा जाए तो चन्द दिन में मर जाता है। ये अमूमन नीले रंग का होता है और हर जगह पाया जाता है।
झपका (पु0):– देखो फड़ी।
छल (स्त्री0):– कबूतर बाज़ो की इस्तलाह मुराद कबूतर की भूख बेकरारी तिलमिलाहट (करना, होना)।
चप (स्त्री0):– दो रंगा कबूतर जिसके बाजू के सफेद ओर बाक़ी जिस्म के पर सुर्ख़ या किसी और रंग के हों। आमतौर से सुर्ख़ और सफेद होता है। सब्ज़, लाल और ज़र्द रंग का चप भी होता है।
चक्खी (स्त्री0):– म़क्क़वी रिज़ा जो बाज़ी कबूतरों को बाज़ी से पहले खाली पेट में दी जाए। (देना)
छपका (पु0):– सैदी कबूतर को पकड़ने का मुसलसनुमा चौकटे का जाल (मारना)। छतरी (स्त्री0):– (स्त्री0):– पालतू कबूतरो का अड्डा जो खपच्चियों की एक चौकोर जालीदार टरटी को एक लम्बे बॉस के सिरे पर बॉधकर खड़ा कर दिया जाए।
छूट (स्त्री0):– बाज़ी के कबूतरों को उड़ाने की इब्तेदायी मशक (छूट है) देखो झपका और फड़ी।

छेपी (स्त्री0):– कबूतर उड़ाने की झण्डी की शक्ल बनायी हुई छड़ जिसको हिलाकर कबूतर बाज़ कबूतरों को इशारे देता है (हिलाना)।
ख़ाल (पु0):– चप कबूतर के ख़िलाफ़ बाजू के सुर्ख़ और बाक़ी जिस्म के सफेद परो का कबूतर देखो चप।
ख़मीरी (पु0):– असील नस्ल के कबूतरो की एक किस्म जो हिन्दुस्तान में नायाब बल्कि नापैत हो गया है।
खुर्दनुका (पु0):– काबूली कबूतरों की एक किस्म जो छोटी चोच के और उड़ने में कच्चे होते है देखो असली।
दा दाना (पु0):– बाज़ी के कबूतरों की किसी हालत के सुधारने के लिए जाल में बन्द रखकर दाना खिलाने के तरीके कस इस्तलाही नाम (छूटा है)।
दो पलका (पु0):– दो रंग (चप) कबूतर रट्टा कबूतरों की एक किस्म का नाम देखो रट्टा।
दो तावा (पु0):– देखो तावा सैदी कबूतर के साथ दो चक्कर कॉटने वाला कबूतर।
रट्टा (पु0):– कबूतर बाज़ो की इस्तलाह मुराद नामावर कबूतर जो दराज़ कद और लम्बी चोच के होते और नामाबरी के लिए सधाये जाते है। रंगतो के लिहाज़ से उनके नाम नफ़्ते बबरे और दो पलके (दो बाज़) मशहूर है (लत्ज़ रट्टा की वजअ तसमिया और उसका अता पता कबूतर बाज़ो से मामूल न हो सका।
रख (स्त्री0):– कबूतर के मद्दे की एक बिमारी का नाम जिससे उसका दाना खाना छूट जाता है। इस बिमारी का दूसरा नाम रंज पोटा है जो बदहज़मी से पेदा होता है।
रंजपोटा (पु0):– देखो रख।
सब्ज़ा (पु0):– जुमरुदी रंगत के परो का कबूतर।
शिराज़ी (पु0):– दोग़ला, दो मैली नस्ल का कबूतर जिसका रंग अमूमन अन्नाबी या ताखी होता है इस दोग़लो मु मुख़तलिफ़ रंग के कबूतर होते है जो इस्तलाहन तोग़ा, पलकी और बमने के नामों से कबूतर बाज़ो में मशहूर है।
सिबलाही (पु0):– नये कबूतरों की बाज़ी के लिए तैयार करने के लिए बाहमी ताल्वुन करने वाले दो कबूतर बाज़ जो ये मुहायदा कर लेते है इस ज़माने में एक दूसरे का पकड़ा हुआ कबूतर वापस दे दिया करेंगे।

सैद (स्त्री0):– कबूतर बाज़ो की इस्तलाह मुराद कबूतरो की बाज़ी यानि उड़ने में एक कबूतर बाज़ के उड़ने की दूसरे कबूतरबाज़ के कबूतरों के साथ ताल मेल और फिर बुलाने पर अपने अपने मुकाम को वापसी।
उदाहरण– आज बादशाही कबूतरो की लाहौरियों के कबूतरो से सैदा है। इस तालमेल को इस्तलाहन कबूतर लड़ना कहा जाता है देखो तालमेल इस तालमेल को इस्तलाहन कबूतर लड़ाना कहा जाता है देखो तालमेल (करना, बुदना)।
